तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

13 कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने दिए निर्देश



14 अवैध काष्ठ परिवहन रोकने नाकों में वन कर्मी कर रहे वाहनों की जांच



## शराब पीने के दौरान पैसे के लेनदेन को लेकर हुआ था विवाद

# दोस्तों ने पहले की पार्टी फिर अपने ही साथी को उतार दिया मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

होली से एक दिन पूर्व तीन दोस्तों ने पहले पार्टी मनाई फिर दो दोस्तों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच एक ने दूसरे पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद बेटे की रिपोर्ट पर फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

- हत्या के बाद फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मामला जिले के नानगुर थाना क्षेत्र के पुसपाल गांव का है। पुसपाल निवासी पदमन नाग अपने दो दोस्त हेमधर नाग व झिटकू नाग के साथ लगभग एक माह पूर्व ग्राम चेचालगुर में ईंट बनाने के लिए गए हुए थे। 3 मार्च की रात तीनों दोस्तों ने एक साथ शराब पाटी की। पार्टी के दौरान रात लगभग 11 बजे पदमन नाग व हेमधर नाग के बीच ईंट निर्माण के पैसे को लेकर दोनों के बीच मारपीट व विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी हेमधर नाम ने आक्रोशित होकर हमधर नाग ने हत्या करने की नियत से झोपड़ी में रखे कुल्हाड़ी से पदनाम नाग के सिर व कान के पास हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी हत्या करने के बाद घटना स्थल से फरार हो गया था। वहीं पिता के हत्या की खबर लगने के बाद बेटे चैतमन नाग ने घटना की रिपोर्ट नानगुर थाना में दर्ज कराया। मामले में धारा-103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।



मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग व एसडीओपी लक्ष्मण पोटाई के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी गणेश यादव के नेतृत्व में तत्काल अलग टीम बना कर फरार आरोपी का पतासाजी शुरू कर दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से घटना की जानाकारी ली। इसी बीच फरार आरोपी हेमधर नाग को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल दाखिल किया गया।

### टीम ने की लगातार छापामारी

हत्या के बाद फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार करने थाना स्तर पर गठित टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक गणेश यादव के अलावा एएसआई हरवान सिंह, महिला प्रधान आरक्षक नुपुर भारती, धरम कश्यप, आरक्षक डोंगर भुआर्य, संग्राम, नरेंद्र, सामदेव एवं मुकेश नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### बसंतोत्सव पर गीत-गजल संध्या आज

**जगदलपुर।** स्वरागिनी संस्था द्वारा बसंतोत्सव पर गीत-गजल की संगीतमय संध्या का आयोजन 7 मार्च को लागू वाटिका के प्रांगण में होगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी सुमधुर प्रस्तुतियां देंगे। इस वर्ष संस्था ने स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और युवाओं में शास्त्रीय संगीत के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार अपनी गायन प्रस्तुतियाँ देंगे तथा संगत कलाकारों का भी विशेष सहयोग रहेगा। इस संगीतमय संध्या में स्थानीय कलाकारों में डॉक्टर ज्योति लागू, देवशरण तिवारी,आभा सामदेकर,मनीष मिश्रा, राजकुमार डोंगरे,गिरीश चिंचोलकर,बलराम साबड़े और अक्षत तिवारी अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। संगत कलाकारों में डब्बू जी, रोहित मौर्य,अमित जंघेला और देवेश्वर साहा शामिल रहेंगे, जबकि कार्यक्रम का मंच संचालन अभय सामदेकर और ऋतु त्रिवेदी द्वारा किया जाएगा।

# एनएमडीसी से मिले मुआवजे की राशि हड़पने की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

लगभग दो वर्ष पूर्व 15 जनवरी 2024 को प्रार्थी राजू तेलाम निवासी आयतुपारा नेरली ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 14 जनवरी 2024 को रात्रि करीब 11.30 बजे बिजली बंद हुआ। उसी दौरान प्रार्थी की मां सन्नी तेलामी जोर से आवाज दी कि तुम्हारे बाबा को कोई मारकर भाग रहा है। मां के घर जाकर देखे तो पिता बुधरू तेलाम घर के परछी में खाट पर लेटा हुआ था। उसके दाहिने सिर से खून बह रहा था। जिसे टावेल से ढक कर सरपंच व कोटवार को फोन कर एनएमडीसी अपोलो अस्पताल बचेली ले गये, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ग्राम नेरली मुख्य मार्ग से लगा मृतक बुधरू तेलाम, भीमे पति भीमा, रामे पति बुगुर, जोगा पति बांडा, राकेश पिता बुगुर, समीर तेलाम पिता बुगुर की संयुक्त खाते जमीन का रकबा 2 हेक्टेयर है। जिसमें से 0.4550 हेक्टेयर भूमि को एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा बैलाडिला से नगरनार क्षेत्र पैलेट प्लांट नगरनार के अंतर्गत लौह अयस्क स्लरी के परिवहन के लिये स्लरी पाइप लाइन और ऑप्टिकल फायबर केबल सहित जल पाइप लाइन बिछाने हेतु वर्ष 2023 में अधिगृहित किया गया है। जमीन का

- 2 साल पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी



मुआवजा लगभग 6 लाख 88 हजार और उसमें लगे पेड़ का मुआवजा राशि लगभग 14 लाख बना था। कलेक्टर कार्यालय दन्तेवाड़ा में सितम्बर 2023 में खातेदार भीमा, जोगा व बुधरू को मरा बताकर राकेश तेलाम के द्वारा अपने मां व भाई को साथ ले जाकर एक किस्त 6 लाख 88 हजार रुपए का चेक लिया और अपने बैंक के खाते में जमा किया था। जिसकी जानकारी गांव के कोटवार लक्ष्मण भास्कर के माध्यम से इसके दादा बुधरू व उनके पुत्रों भीमा व राजू को हो गई थी। जिससे राकेश तेलाम द्वारा मुआवजा राशि का प्रथम किस्त फर्जी तरीके से प्राप्त करने के केस में फंसने से बचने व बाकी मुआवजा का बचा पैसा 14 लाख रुपए को प्राप्त करने के नीयत से मृतक बुधरू तेलाम को मारने का प्लान बनाया। 14 जनवरी 2024 को रात्रि 11 से 12.30 बजे के बीच में चुपके से अपने घर से निकला और उनके दोनों बेटे के घर के बाहर के गेट को रस्सी व तार से बांध कर पास में लगे ट्रांसफार्मर के स्वीच को निकालकर लाईट बंद किया । बुधरू के घर जाकर सोये अवस्था में गुप्ती से उसके सिर में 2-3 बार मारकर हत्या करना पाया गया।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

पूरे मामले की विवेचना और आरोपी के गिरफ्तारी में थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, उप निरीक्षक रूपेश नारंग, सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन निर्मलकर, रामजी कुंवर, प्रधान आरक्षक मेहतु राम कोर्राम, संतोषी ध्रुव तथा आरक्षक हीरा कुमार रात्रे की सराहनीय भूमिका रही।

# फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम 13 तक

**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में शिक्षकों की क्षमता संवर्धन एवं संवेदनशील शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 6 मार्च से 13 मार्च तक महाविद्यालय के स्मार्ट क्लास में प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का विषय "जेंडर सेंसटाइजेशन" रखा गया है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों में लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समावेशी एवं संवेदनशील शिक्षण वातावरण तैयार करने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा जेंडर समानता, संवेदनशील व्यवहार तथा शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी दृष्टिकोण पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री का किया विरोध

**जगदलपुर।** महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम तथा बस्तर जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष लता निषाद के नेतृत्व में महिला कांग्रेस ने एपस्टिन फाइल में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम उजागर होने के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसमें प्रदेश सचिव सायमा अशरफ, मंडल अध्यक्ष ललिता राव, जिला महामंत्री सुषमा सुता, ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर गुरमीत कौर, नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष पूर्णिमा सीरिल, उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, अंजना नाग, सुनीता सिंह ,जोगेश्वरी राव, अम्मा जी राव, एस.नीला, मनीता राउत, ममता शर्मा, संगीता महावीर , दिनमनी, हेमलता यादव, सुनीता दास ,सगीना हनु, श्रद्धा तंबोली, संजुक्ता सिरा, गौरी, लक्ष्मी राव शामिल रहे।





## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल को मिली नई एम्बुलेंस की सौगात



**कोण्डागांव।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने मंगलवार शाम जिला चिकित्सालय परिसर में नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एम्बुलेंस उनकी पहल पर बस्तर विकास प्राधिकरण के माध्यम से जिला अस्पताल को उपलब्ध कराई गई है। जिला अस्पताल को मिली यह एम्बुलेंस आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। आपातकालीन परिस्थितियों में यह एम्बुलेंस मरीजों को त्वरित और बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नई एम्बुलेंस के संचालन से विशेष रूप से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल सहित मनोज जैन, दीपेश अरोरा, जैनेन्द्र ठाकुर, नागेश देवांगन, गोपाल दीक्षित और अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती रैली आवेदन लिए जाएंगे 1 अप्रैल तक

**कोण्डागांव।** भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के इच्छुक अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से 1 अप्रैल 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के माध्यम से की जाएगी। अग्निवीर सामान्य ड्यूटी योग्यता कक्षा 10वीं में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक अनिवार्य अग्निवीर क्लर्क स्टोर कीपर तकनीकी योग्यता कक्षा 12वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्रत्येक विषय में 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य अग्निवीर तकनीकी योग्यता 12वीं विज्ञान गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं अंग्रेजी कुल 50 प्रतिशत अंक एवं प्रत्येक विषय में 40 प्रतिशत अंक अनिवार्य अग्निवीर ट्रेडमेन योग्यता 10वीं 8वीं उत्तीर्ण प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक अनिवार्य आयु सीमा न्यूनतम आयु 17 वर्ष अधिकतम आयु 22 वर्ष जन्मतिथि 01 जुलाई 2005 से 01 ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य पंजीयन तिथि 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक आवेदन भारतीय थल सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। अभ्यर्थी स्वयं इंटरनेट के माध्यम से या किसी इंटरनेट कैफेध्सीएससीध्संस्थान के जरिए आवेदन कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित नियम एवं अर्हताएं भारतीय थल सेना द्वारा निर्धारित हैं। अधिक जानकारी या किसी समस्या के समाधान के लिए कार्यालयीन समय में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से संपर्क किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने फरसगांव विकासखंड के पीएमश्री विद्यालयों का किया निरीक्षण

# विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएं बेहतर शैक्षणिक वातावरण व उत्कृष्ट सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कोंडागांव कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को फरसगांव विकासखंड अंतर्गत पीएमश्री विद्यालय फरसगांव और भैंसाबेड़ा का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने पीएमश्री योजना के मापदंडों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पीएमश्री कन्या आश्रम भैंसाबेड़ा का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री विद्यालय फरसगांव में लाइब्रेरी, विज्ञान प्रयोगशाला सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही कक्षाओं की दीवारों पर विषय से संबंधित फॉर्मूले एवं ज्ञानवर्धक संदेशों की पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। साथ ही लाइब्रेरी के किताबों को सुव्यवस्थित रखने, किचन गार्डन विकसित करने और पीएमश्री योजना मे प्राप्त आबंटन को नियमानुसार व्यय किये जाने हेतु निर्देश दिया गया।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल, जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र नेताम सहित संबंधित प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



#### पीएम ई-विद्या के माध्यम से अध्ययन कराने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने प्रयोगशाला में विद्यार्थियों से संवाद कर उनके द्वारा किए जा रहे प्रयोगों की जानकारी ली और कार्य का अवलोकन किया। स्मार्ट क्लास का निरीक्षण करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को पीएम ई-विद्या के माध्यम से अध्ययन कराने के भी निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पीएमश्री विद्यालय भैसाबेड़ा में निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन में बने सब्जी चखकर स्वसहायता समूह द्वारा बनाये जा रहें भोजन में हरी सब्जियों को शामिल करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय के निर्धारित सेचूरेशन पाइंट के आधार पर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की और मांग अनुसार 100 चादर तथा बेंच तत्काल उपलब्ध कराने हेतु विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया गया। इसके अलावा पीएमश्री योजना के तहत शैक्षणिक भ्रमण हेतु कार्ययोजना बनाने हेतु डीएमसी समग्र शिक्षा को निर्देश दिया गया तथा सभी पीएमश्री हेतु बाउंड्री बाल जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्य हेतु मांग पत्र भेजने हेतु भी निर्देशित किया गया।

## कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित गतिविधियों का लिया जायजा

**फरसगांव।** कोण्डागांव कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार को बोरगांव स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुपालन कार्य योजना के अंतर्गत निर्मित हो रहे बतख पालन, बकरी पालन, मछली पालन तथा शुकर पालन सहित अन्य शेड निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और उनकी प्रगति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में बोगनवेलिया की विभिन्न किस्मों के संरक्षण एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने और गमलों में बौनी (ड्वार्फ) किस्म की बोगनवेलिया तथा यूफोर्बिया के प्रवर्धन का प्रयास करने और सभी पौधों पर आवश्यक जानकारी सहित नाम पट्टिका लगाने को कहा। उन्होंने केंद्र में माली (गार्डनर) प्रशिक्षण, सजावटी (ऑर्नामेंटल) नर्सरी तथा एग्रीवोल्टैक्स से संबंधित परियोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।इसके साथ ही विभिन्न इकाइयों के सुचारू संचालन के लिए सोलर प्लांट स्थापना हेतु क्रेडा को कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सभी पशु इकाइयों के लिए राजस्व मॉडल तैयार करने तथा पशु



सखी को इससे लाभान्वित करने पर भी जोर दिया। साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र, कोण्डागांव के लिए आगामी तीन वर्षों की प्रगतिशील कार्ययोजना (प्रोग्रेसिव प्लान) तैयार करने के निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र नेताम, डीएमसी ईमल बघेल सहित कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सुरेश कुमार मरकाम, डॉ. हितेश कुमार मिश्रा, पशुधन उत्पादन प्रबंधन विशेषज्ञ और डॉ. बिपलब चौधरी, मृदा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## अवैध कटाई करने वाले तीन ग्रामीणों पर वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई



**फरसगांव।** केशकाल वनमंडलाधिकारी श्रीमती दिव्या गौतम एवं उपवनमंडलाधिकारी फरसगांव एन. के. सिन्हा के निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र बड़ेडोंगर के उप परीक्षेत्र चिंगनार अंतर्गत परिसर मिसरी के वन कक्ष क्रमांक पी.एफ. 1211 में ग्राम बढ़गई के निवासियों के द्वारा वनों की अवैध कटाई करने वालो पर वन विभाग में बड़ी कार्यवाही की है।

वन परिक्षेत्र बड़ेडोगर आर एस यादव की उपस्तिथि में संबंध में परिक्षेत्र सहायक चिंगनार मोहन लाल पुजारी एवं परिसर रक्षक मिसरी रतन नेताम वनरक्षक के द्वारा भारतीय वन अधिनयम 1927 की धारा 33 (1) क के तहत विधिवत तीन अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। जिसका विवरण इस प्रकार है - लच्छन पिता घसिया उम्र 42 वर्ष ग्राम बढ़गई निवासी के पास से साल का गोला 11 नग, कुल 1.429 घन मीटर लकड़ी जप्त किया गया। वन अपराध क्र. 19426/02 जारी किया। जप्त लकड़ी को काष्ठागार डिपो भेजा गया। और अपराधी से क्षति व नुकासानी का अग्रिम वसुली 16000 रु. अग्रिम वसूली कर वन राजस्व खजाना दाखिल किया गया। लक्ष्मण पिता बक्क ग्राम बडगई निवासी से साल के कुल 10 नग, 1.352 घन मीटर लकड़ी जप्त ईमारती काष्ठ को काष्ठागार डिपो भिजवाया गया। अपराधी से क्षति व नुकासानी का अग्रिम वसुली 15000 रु. का क्षतिपूर्ति राशि अग्रिम वसूली कर वन राजस्व खजाना दाखिल किया गया। मानसाय पिता दसरू उम्र 43 वर्ष ग्राम बड़गई निवासी के पास से साल के कुल 09 नग 1347 घन मीटर जप्त कर समस्त ईमारती काष्ठ को काष्ठागार डिपो में भिजवाया गया। अपराधी से क्षति व नुकासानी का अग्रिम वसुली 5000 रु. क्षतिपूर्ति राशि अग्रिम वसूली कर वन राजस्व खजाना दाखिल किया गया। विभाग द्वारा बताया गया है कि इस वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से जामुन, करंज, सेमल वृक्ष की कटाई नहीं किया गया है, ना ही आस-पास के वन क्षेत्र में अवैध कटाई किया जाना नहीं पाया गया है।

■ तीन आरोपियों से साल की लकड़ी जब्त, भारतीय वन अधिनियम के तहत दर्ज किए गए प्रकरण

## पुनर्वासित व्यक्तियों से अपर मुख्य सचिव ने किया संवाद, प्रशिक्षण गतिविधियों को जाना

**कोण्डागांव।** अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने मंगलवार को कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान देव खरगांव स्थित पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित व्यक्तियों से संवाद कर उनकी दैनिक गतिविधियों और केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही यहां संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के साथ-साथ पुनर्वासित व्यक्तियों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कृषि आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने और नियमित रूप से सुबह-शाम प्रार्थना कराने के



भी निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने पुनर्वासित व्यक्तियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान एक पुनर्वासित व्यक्ति को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया तथा एक अन्य व्यक्ति को स्मार्टफोन भी दिया गया। साथ ही सभी को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## कोंडागांव पुलिस में फेरबदल

**फरसगांव।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोंडागांव द्वारा 6 मार्च को जारी आदेश के अनुसार जिले में पदस्थ कई निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों का प्रशासनिक दृष्टिकोण से तबादला किया गया है। जारी आदेश में अधिकारियों को उनके वर्तमान पदस्थापना से स्थानांतरित कर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के तहत निरीक्षक सौरभ उपाध्याय को सायबर सेल से हटाकर प्रभारी थाना कोंडागांव, विकासचंद राय को फरसगांव से शिकायत शाखा का प्रभारी, चंद्रशेखर श्रीवास को रक्षित केंद्र से प्रभारी थाना फरसगांव, तथा शंकरलाल ध्रुव को रक्षित केंद्र से प्रभारी थाना धनोरा बनाया गया है। इसी तरह निरीक्षक रविशंकर ध्रुव को नक्सल सेल से प्रभारी थाना विश्रामपुरी, भुनेश्वर नाग को धनोरा से प्रभारी नक्सल सेल की जिम्मेदारी दी गई है। उपनिरीक्षक स्तर पर विनोद नेताम को विश्रामपुरी से प्रभारी चौकी बांसकोट, तरुण मायती को बांसकोट चौकी से थाना कोंडागांव, तथा प्रेमनाथ बघेल को रक्षित केंद्र से थाना केशकाल में पदस्थ किया गया है।

## दिवंगत आरक्षक की पत्नी को मिला एक करोड़ का जीवन बीमा लाभ

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दिवंगत आरक्षक स्व. घनश्याम भुआर्य आरक्षक क्रमांक 472 की पत्नी श्रीमती हुलसी भुआर्य को एक करोड़ रुपये का जीवन बीमा लाभ प्रदान किया गया। स्व. घनश्याम भुआर्य थाना अनंतपुर, जिला कोंडागांव में पदस्थ थे। दिनांक 14 जून 2025 को अवकाश से लौटते समय थाना बेनूर, जिला नारायणपुर क्षेत्रातंर्गत वाहन दुर्घटना में उनका असामयिक निधन हो गया था।

■ वाहन दुर्घटना में हुई थी मौत

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के पुलिस कर्मियों के भविष्य को




सुरक्षित करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू के तहत निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज लागू किया गया है। इसी योजना के अंतर्गत दिवंगत आरक्षक की नामिनी पत्नी को यह बीमा सहायता प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा भा.पु.से. द्वारा श्रीमती हुलसी भुआर्य को जीवन बीमा सहायता का चेक प्रदान किया गया।

#### अधिकारीगण रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश भार्गव, भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोंडागांव के बैंक मैनेजर सपन कुमार चक्रवर्ती, मनीषा बोरकर मेश्राम आंकिक, प्रियंका निषाद, कार्यालयीन स्टाफ एवं दिवंगत आरक्षक का परिवार उपस्थित रहा। बैंक अधिकारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

#### सराहनीय योगदान

पुलिस सैलरी पैकेज के तहत राशि प्रदान कराने में मुख्य लिपिक प्रकाश मिंज, उपनिरीक्षक (अ) नेतराम दीवान एवं प्रधान आरक्षक क्रमांक 242 हरिशचंद्र चुरेन्द्र, पुलिस कार्यालय कोंडागांव का योगदान सराहनीय रहा। यह सहायता राशि न केवल दिवंगत आरक्षक के परिवार के लिए संबल है, बल्कि राज्य शासन की पुलिस कर्मियों के प्रति संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है।

## हरवेल में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व, जमकर उड़े रंग-गुलाल

**कोण्डागांव/विश्रामपुरी।** विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम हरवेल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रें में होली का पर्व बड़े उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। बुधवार को होलिका दहन के बाद गुरुवार सुबह से ही गांवों में रंग-गुलाल का दौर शुरू हो गया और बच्चे, युवा तथा बुजुर्ग सभी एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए।

■ ढोल-नगाड़ों और फाग गीतों पर थिरके ग्रामीण

ग्रामीण अंचलों में होली का त्योहार खास उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाते हुए बधाई देते रहे। हरवेल, तराईबेड़ा और डिहीपारा सहित आसपास के क्षेत्रें में लोग रंगों में सराबोर दिखाई दिए।

प्लाटपारा से लेकर छात्रवास भवन और कन्या छात्रावास में भी छात्र-छात्रओं ने रंग-गुलाल के साथ होली खेली। ग्रामीणों ने बताया कि यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे



और मिल-जुलकर खुशियां बांटने की परंपरा का प्रतीक है।

होली के मौके पर ढोल-नगाड़ों और बाजों की धुन पर ग्रामीणों ने जमकर नृत्य किया। पुराने फाग गीतों और लोकप्रिय होली गीतों रंग बरसे भीगे चुनर वाली और होली खेले रघुवीरा पर लोग देर तक थिरकते रहे। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा की। ग्राम हरवेल के सरपंच महेश नेताम ने सभी ग्रामवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष होली का उत्सव अलग अंदाज में और अधिक उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं जनपद सदस्य सुषमा दिनेश मरकाम ने भी सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच महेश नेताम, उप-सरपंच घड़वा राम मंडावी, बलराम मंडावी, जनपद सदस्य सुषमा दिनेश मरकाम, बोदराय वट्टी, अमृत मंडावी, कमलेश मंडावी, अघनसिंह मंडावी, बीएस नेताम, धन्नु राम पटेल, सुकमन पटेल, पनकु मरकाम, जागेश मरकाम, विजय पाण्डे, प्रेमनाथ यादव, बालसिंह मंडावी, संतोष मंडावी, पंचूराम मंडावी, धनसाय मंडावी, पप्पू मरकाम, रमेश मंडावी, तुलसी मंडावी, सनत मंडावी, हरिलाल मंडावी सहित युवा संगठन के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### युवा संगठन किबड़ा ने धूमधाम से मनाया पर्व



**कोण्डागांव।** विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत किबड़ा में युवा संगठन के युवाओं द्वारा बुधवार को रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। एक दिन पहले गांव में परंपरा अनुसार होलिका दहन किया गया, जिसके बाद होली उत्सव की शुरुआत हुई।

होली के दिन युवाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। गांव में सुबह से ही उत्सव का माहौल बना रहा और लोग रंगों की मस्ती में सराबोर नजर आए। होली के अवसर पर ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया। उत्साह और उमंग के साथ सभी ने होली का आनंद लिया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उपसरपंच उमेश शोरी ने ग्रामवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्रें में पहले जैसी रौनक भले कम दिखी, लेकिन फिर भी लोगों ने पूरे उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया। इस अवसर पर देवजी नेताम, उमलेश शोरी, मानकू नेताम, मंतु राम, मंगल नेताम, मंगल शोरी, अर्जुन नेताम, रामेश्वर मरकाम, हेमराज, संजय नेताम, किशन मरकाम, अजय शोरी, हरि शोरी सहित युवा संगठन के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कुल्दाडिही में हर्षोल्लास से मनाया गया पर्व



**कोण्डागांव/विश्रामपुरी।** विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पीढ़ापाल के आश्रित ग्राम कुल्दाडिही में बुधवार को होली का पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक दिन पूर्व मध्य रात्रि में होलिका दहन के साथ ही गांव में होली उत्सव की शुरुआत हुई। होली के दिन सुबह से ही पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। गांव की गलियां रंगों से सराबोर हो गईं और हर ओर उल्लास का माहौल नजर आया। होली के अवसर पर ग्रामीणों ने ढोल-बाजों की धुन पर जमकर नृत्य किया। रंग-गुलाल लगाते हुए लोगों ने आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सरपंच प्रतिनिधि मन्नू राम शोरी ने सभी ग्रामीणों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गांव में रंगों का यह पर्व रंगपंचमी तक उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से आपसी प्रेम और भाईचारा बनाए रखने की अपील भी की। इस अवसर पर सरपंच अनिता शोरी, वार्ड पंच निरूपा नेताम, ममता मरकाम, सुमित्र यादव, प्रमिला मंडावी, सरपंच प्रतिनिधि मन्नू राम शोरी, ग्राम प्रमुख शोभराय मरकाम, सुनहर मरकाम, नाथीलाल नेताम, रामदेव नेताम, सोमारू मरकाम, अनीत मरकाम, अमर मंडावी, रोमेश नेताम, राजेश मरकाम, हरिलाल नेताम, संदीप मरकाम, आयतु नेताम, चमरू शोरी, ईश्वर मरकाम, धरम मंडावी, धनीराम यादव, सोमारू शोरी, सुकनाथ नेताम, कोमल मरकाम, हरिलाल मरकाम, समलू नेताम, सोनाऊ मरकाम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 1834 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 3491 सामुदायिक आधारित कार्यक्रम

# ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी दिया गया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रत्येक माह के हर गुरुवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में किया गया।

■ जिलेभर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित हुआ कार्यक्रम

इस मासिक सामुदायिक मंच के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, बच्चों और परिवारों को आवश्यक स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम में विशेष रूप से कुपोषण को कम करने और मातृ स्वास्थ्य में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल एएनसी, टीकाकरण, बच्चों के विकास की निगरानी, स्वास्थ्य जांच तथा पोषण संबंधी परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान की गईं। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रबंधन में प्रत्येक माह आयोजित किया जा रहा है।





#### जिले में व्यापक स्तर पर हुआ आयोजन

अभियान के अंतर्गत जिले के 1834 आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुल 3491 सामुदायिक आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही 1769 स्थानों पर ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन हुआ। फील्ड क्षेत्रों में 6604 स्थानों पर 44,524 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा 18,434 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य कर्मी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन के लिए बैठक



बस्तर। 5वीं व 8वीं केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन हेतु जगतू माहरा बस्तर हाई स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर बलीराम बघेल की अध्यक्षता में सातो ब्लॉक के संकुल प्राचार्य व मूल्यांकन केंद्र प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा में दिए गए दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। 5वीं व 8वीं की परीक्षा को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने की अहम जिम्मेदारी दी गई। कुल 178 संकुल प्रचार्यो ने उक्त बैठक में भाग लिया। उक्त बैठक को जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर बलीराम बघेल के द्वारा केंद्रीकृत परीक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर राजेश गुप्ता, एपीसी जयनारायण पाणिग्राही, सूरज निर्मलकर व समस्त प्राचार्य उपस्थित थे।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण, पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के 4 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 22 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत ईनाम की राशि आत्मसमर्पित नक्सलियों के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में 3 साल के लिए सावधि जमा के माध्यम से प्रदाय किया जायेगा।

## निधन

### स्नेहलता दास

**जगदलपुर।** भैरमदेव वार्ड निवासी त्रिलोचन दास की धर्मपत्नी स्नेहलता दास का आज सुबह निवास में आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार को मुक्तिधाम में अंत्येष्ठि की गई। निवास से निकली अंतिम यात्रा में उत्कल समाज के लोग तथा शहरवासी शामिल थे। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।



### अनिल तिवारी

**जगदलपुर।** बालाजी वार्ड निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी अनिल तिवारी (71 वर्ष) का पुणे में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे सुनील तिवारी सेवानिवृत जनसंपर्क अधिकारी के बड़े भाई थे। उनकी अंत्येष्टि 4 मार्च को स्थानीय मुक्ति धाम में संपन्न हुई। वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।



# कलेक्टर ने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




कलेक्टर देवेश ध्रुव ने ग्रीष्मकाल के दौरान जिले में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने सहित सुधार योग्य नल जल योजनाओं को दुरुस्त किए जाने अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं स्थानीय जल स्त्रोतों का समुचित रखरखाव सुनिश्चित किए जाने कहा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव शुक्रवार को छिंदनार, कासोली, गीदम और जावंगा में जल प्रदाय योजनाओं का निरीक्षण के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाने सहित आगामी गर्मी के मौसम के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी समयपूर्व करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने निरीक्षण की शुरुआत छिंदनार से करते हुए वहां स्थित इंटेकवेल का जायजा लिया और रॉ वाटर पाइपलाइन में फ्लो मैनेजमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल प्रवाह की सटीक मॉनिटरिंग के लिए फ्लो मैनेजमेंट उपकरण स्थापित करने को कहा। साथ ही क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए विद्युत वितरण कंपनी के साथ समन्वय कर परीक्षण करने तथा आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने छिंदनार के नावघाटपारा, छोटे छिंदनार, पुजारीपारा और पटेलपारा में घर-घर नल-जल कनेक्शन देने का कार्य पंचायत के माध्यम से शीघ्र पूरा कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने कासोली में जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) का निरीक्षण किया। उन्होंने संयंत्र में फ्लो मैनेजमेंट उपकरण लगाने तथा परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पंप के लिए प्रस्ताव तैयार करने तथा पंखे एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की मरम्मत एक माह के भीतर पूर्ण करने को भी कहा।

## कलेक्टर ने पीएम श्री स्कूल पोटाकेबिन गुमड़ा का किया निरीक्षण



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज पीएम श्री स्कूल पोटाकेबिन गुमड़ा का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में पढ़ाई की व्यवस्था और पीएम श्री योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और इसे पीएम श्री मानक अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कंप्यूटर कक्ष, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला तथा कला एवं शिल्प कक्ष का अवलोकन कर वहां उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम श्री योजना के अनुरूप विद्यालय में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## बड़े चकवा में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

# बड़ांजी की टीम 9 रन से विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत बड़े चकवा में ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ किया गया। यह प्रतियोगिता धरती आबा उत्कृष्ट आदि सेवा केंद्र के माध्यम से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर ग्राम पंचायत बड़े चकवा के

■ ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप, पंच नाहटू बघेल, दशरथ सिंह बरिया तथा सुरेन्द्र ठाकुर के द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया और उन्हें खेल को अनुशासन, आपसी भाईचारे और खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया गया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे, जिससे पूरे मैदान में उत्साह का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर उपसरपंच पूरन सिंह कश्यप ने खिलाड़ियों और उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं होती, केवल उन्हें उचित अवसर और मंच की आवश्यकता होती है। ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक विकास का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भाग लेने से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनका व्यक्तित्व भी निखरता है।

धरती आबा उत्कृष्ट आदि सेवा केंद्र के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य गांव के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना है। प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और कई गांवों की टीमें इसमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में बड़ाजी और करमरी की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ाजी की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 11 विकेट खोकर 80 रन बनाए और करमरी की टीम को जीत के लिए 80 रन का लक्ष्य दिया। बड़ाजी की ओर से बल्लेबाजों ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी करमरी की टीम ने भी अच्छी शुरुआत करने की कोशिश की, लेकिन बड़ाजी के गेंदबाजों ने सटीक गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। करमरी की टीम निर्धारित ओवरों में केवल 71 रन ही बना सकी और इस प्रकार बड़ाजी की टीम ने यह मुकाबला 9 रन से जीत लिया। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों ने भी पूरे उत्साह के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के इस आयोजन से क्षेत्र में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता के आगामी मुकाबले भी इसी तरह उत्साह और खेल भावना के साथ आयोजित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गांव के युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आयोजकों और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# 219 वीं बटालियन ने लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर महानिर्देशक सीआरपीएफ के निर्देशानुसार 219 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा सामाजिक सरोकारों एवं मानवता की सेवा के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इस अवसर पर आज सीआरपीएफ के कोंटा रेंज डीआईजी राजेश पांडे के मार्गदर्शन में 219वीं वाहिनी के कमाण्डेंट पार्थ सारथी घोष ने इंजराम स्थित मुख्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। द्वितीय कमान अधिकारी अनुराग राज सहा. कमाण्डेन्ट कानाराम चौधरी एवं डॉ. मोहम्मद इब्राहिम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, उप. कमाण्डेंट की उपस्थिति में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य तथा आमजन एवं बल के जवानों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने बटालियन के अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर के दौरान डॉ. मोहम्मद इब्राहिम वरिष्ठ चिकित्सा



अधिकारी उप. कमाण्डेंट और उनकी चिकित्सा टीम द्वारा सभी रक्तदाताओं का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा उन्हें सुरक्षित रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। रक्त संग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित एवं स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई।

इस अवसर पर पार्थ सारथी घोष, कमाण्डेंट, 219 बटालियन ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान एवं पुनीत कार्य है। जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जवानों की सराहना करते हुए कहा कि सीआरपीएफ न केवल देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए समर्पित है, बल्कि समाज सेवा एवं मानवता की भलाई के कार्यों में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती रही है।

## कलेक्टर ने गांवों में पहुंचकर बच्चों से किया संवाद, विकास कार्यों में तेजी के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे नियद नेल्लानार अभियान के तहत कलेक्टर संबित मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने ग्राम कावड़गांव, मुंदवेंडी, पीडिया स्कूल पारा तथा डोडी तुमनार का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद कर शिक्षा के महत्व को समझाया तथा अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। दौरे की शुरुआत ग्राम कावड़गांव से हुई, जहां कलेक्टर ने प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन को जल्द पूर्ण करने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिए गए। साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठक कर बच्चों को स्कूल एवं आंगनबाड़ी भेजने के लिए जागरूक किया गया।

इसके बाद ग्राम मुंदवेंडी के प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया गया, जहां कलेक्टर ने बच्चों से चर्चा करते हुए उनकी पढ़ाई और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्माणाधीन प्राथमिक शाला भवन को शीघ्र पूर्ण करने तथा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिए।

# शिवमंदिर दर्शन के लिए बस सुविधा की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

नगरपालिक परिषद किरंदुल की अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने बीआईओएम एनएमडीसी प्रबंधन

■ नपा अध्यक्ष ने बीआईओएम प्रबंधन को लिखा पत्र

को पत्र प्रेषित कर कैलाशनगर स्थित भव्य शिवमंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को प्रत्येक सोमवार बस सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि बीआईओएम किरंदुल क्षेत्र के कैलाशनगर में परियोजना द्वारा भव्य एवं आस्था से परिपूर्ण शिवमंदिर का निर्माण कराया गया है, जो क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख धार्मिक केंद्र बन गया है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। नगरपालिका अध्यक्ष ने बताया कि यदि प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए एक बस की व्यवस्था की जाती है, तो दूर-दराज के भक्तों को मंदिर तक आने-जाने में काफी सुविधा होगी और अधिक लोग भी सहजता से दर्शन कर सकेंगे।

अध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि कैलाशनगर का शिवमंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक बन चुका है। विशेषकर सोमवार के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बस सुविधा उपलब्ध होने से बुजुर्गों, महिलाओं एवं दूर-दराज के भक्तों को काफी राहत मिलेगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि बीआईओएम प्रबंधन श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस मांग पर सकारात्मक पहल करेगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल सकेगा।

# धूमधाम से मनाया गया रंगों का पर्व होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

भाईचारे और रंगों का पर्व होली नगर के साथ साथ ग्रामीण अंचल में भी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंगों के इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह और उमंग देखने लायक होता है। रंगों के पर्व होली पर युवाओं की टोली जहां लोगों को रोककर रंग गुलाल लगाते दिखी। तो वही गली-मोहल्लों में लोगो ने नगाड़ो की थाप पर फ़ाग गीत गाते हुये होली मनाया। सोमवार की रात्रि नगर में सभी मुख्य जगहों शिशु मंदिर परिसर, पुराना बस स्टैंड, पुराना बाजार, हारम पारा, पी डब्लू डी पारा व अन्य जगहों में विधि - विधान से होलिका दहन किया गया व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की गयीं। होलिका दहन के बाद मध्य रात्रि से ही लोगो के द्वारा एक दूसरे को होली की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया और दूसरे दिन तक यह दौर चलता रहा। बुधवार की सुबह से ही लोग एक दूसरे को रंग - गुलाल लगाते होली की खुशियां बांटते दिखते रहे। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने रंगों के पर्व होली को अपने अपने अंदाज में धूमधाम से मनाया। छोटे छोटे बच्चों को पिचकारियों एवं अलग - अलग रंगों के अबीर-गुलाल के साथ एक दूसरे को रंग में रँगते हुए देखा गया।

# सप्ताह भर से बारसूर गैस एजेंसी में सिलेंडर का स्टाक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



होली त्यौहार के महत्वपूर्ण अवसर पर भी इंडेन गैस एजेंसी बारसूर में सिलेंडर उपलब्ध नहीं रहा। लगभग 7-8 दिनों से गैस की किल्लत है। उपभोक्ता प्रतिदिन गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सिलेंडर कब तक उपलब्ध होगा, यह स्पष्ट तौर पर कोई नहीं बता रहा है। एजेंसी के कर्मचारियों को लोगों की आम जनता की परेशानियों से क्रोई सरोकार नहीं है। वही निर्धारित समय पर न तो बुकिंग आफिस खुलती है ना ही गोदाम।

कई बार बुकिंग के बाद गोदाम में सिलेंडर के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। आए दिन गैस सिलेंडर की कमी रहती है। समय पर उच्च कार्यालय को सूचित कर व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जाती। गोदाम में गैस सिलेंडर मानक के अनुकूल है कि नहीं, इसके इंतजाम भी नहीं है। गोदाम के चौकीदार गोलमोल जवाब देते हैं। जंगल पर लोगों की निर्भरता कम हो और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कस्बाई इलाके में भी गैस एजेंसी लेम्पस सोसाइटी के मार्फत संचालित की जा रही है। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए भटकना पड़ रहा है। 7-8 दिन से सिलेंडर नहीं है और संबंधित एजेंसी की ओर से उदासीनता बरता जाना समझ से परे है। आम जनता को नियम में उलझा कर खास लोगों को लाभ पहुंचाए जाने की शिकायत है। गैस एजेंसी की बुकिंग आफिस और गोदाम समय पर खुली रहे और लोगों को लाभ मिले। यह सुनिश्चित करने की मांग ग्रामीणों ने की है।

# साप्ताहिक बाजार के दिन गरीबों को मिल रहा भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



माणिकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, कोंटा द्वारा प्रत्येक सप्ताह साप्ताहिक बाजार के दिन शिव

■ माणिकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की मानवीय पहल

मंदिर परिसर में निःशुल्क भोजन वितरण का सेवा कार्य किया जा रहा है। इस सेवा का लाभ विशेष रूप से दूर-दराज क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार में दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदने या बेचने के लिए आने वाले ग्रामीणों को मिल रहा है। मंदिर ट्रस्ट के इस सेवा कार्य में स्थानीय श्रद्धालु और समाजसेवी सहयोग कर रहे हैं, ताकि यह सेवा निरंतर चलती रहे। इसी दौरान एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला। एक बुजुर्ग महिला, जो किसी दूरस्थ गांव से बाजार आई थीं, भोजन पाकर उनके चेहरे पर संतुष्टि दिखी। माणिकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पी. विजय नायडू ने बताया कि इस प्रयास से न केवल जरूरतमंदों की मदद हो रही है, बल्कि समाज को भी सेवा और सद्भाव की प्रेरणा मिल रही है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर छ.ग.**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र........ब/121/2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका डालमी वैरागी पिता/पति स्व. कृष्णा वैरागी जाति वैरागी निवास ग्राम आड़ावाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/पुत्री पति स्व. कृष्णा वैरागी पिता/पति फूलदास वैरागी की माता/पिता मृत्यु दिनांक 22/08/2024 को ग्राम आड़ावाल में होना बताते हुए मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 20/03/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचारी नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

**तहसीलदार**
**बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र./क/तह./2025-26
तोकापाल दिनांक, 24/02/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनसिंग भोयर पिता सोनाधर भोयर जाति हल्बा निवासी ग्राम दुगनपाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने माता सावित्री भोयर/सोनाधर भोयर मृत्यु तिथि 5/7/2013 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत दुगनपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 10/03/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

पेशी दिनांक ..............

(मुहर)

**तहसीलदार**
**तोकापाल**

## खबर संक्षेप

### युवक की हुई मौत कारण हैं अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत रामकृष्णपुर निवासी 26 वर्षीय पिंटू मंडल पिता निर्मल मंडल का अज्ञात कारणों से मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक का 5 मार्ग को अज्ञात कारणों के चलते घर पर ही मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत प्रधान डोंगरी निवासी 26 वर्षीय धनेश्वर लाल उसेंडी पिता ईश्वर लाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गया, जिसके कारण उसका मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक 5 मार्च को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पेड़ से गिरे घायल ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत सीएचसी कोयलीबेड़ा में इलाज के लिए लाए रजऊ उसेंडी पिता स्व. बुधराम का 5 मार्च को मौत हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक छिंद पेड़ में रस निकालने के लिए चड़ा था। अचानक पेड़ से गिर गया व गंभीर चोट आई। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया।

### जेठेगांव में वार्षिक गोल्ड मेला आठ को सजेगा

**दुर्गुकोंदल।** समीपस्थ ग्राम जेठे गांव में आगामी 8 एवं 9 मार्च को दो दिवसीय वार्षिक गोल्ड मेला का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम गायता तामेश्वर कावडे, ग्राम पटेल शंभूराम कावडे, सरपंच मानिकलाल दुग्गा, उपसरपंच मनीराम उयके, रोहिदास मरकाम, योगेश कुमार ध्रुव एवं रायन मरकाम ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। लोक कला मंच भुईयां का सिंगार होचछे टोला, बालोद द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी।

# अवैध काष्ठ परिवहन रोकने नाकों में वन कर्मी कर रहे वाहनों की जांच

## वन सुरक्षा गस्ती व्यवस्था को मजबूत कर रहे मैदानी वन कर्मी

बस्तर जिले में अवैध काष्ठ परिवहन को रोकने के लिए वन विभाग के कर्मी विभिन्न नाकों पर मुस्तैदी से वाहनों की सघन जांच कर रहे हैं। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य ट्रांजिट पास के बिना लकड़ी ले जा रहे वाहनों को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। अवैध कटाई और परिवहन को रोकने के लिए विशेष रूप से रात्रि नाके और गश्त तेज कर दी गई है। जांच नाकों पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है तथा वनोपज परिवहन कर रहे वाहनों की समस्त जानकारियां अभिलेखित की जा रही है। वन सुरक्षा गश्त हेतु क्षेत्रीय ईकाईयों को संरक्षण प्रभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। क्षेत्रीय अमलो द्वारा की जा रही वन सुरक्षा गश्ती एवं कार्यवाही का वन मुख्यालय स्तर से सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही विभिन्न संवेदनशील वनक्षेत्रों एवं निकासी मार्गों पर रात्रि गश्त करते हैं, रात्रि गश्ती के दौरान वाहनों की चेकिंग की जाकर अवैध वनोपज पाये जाने पर सुसंगत कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना, वनवासी ग्रामीणों के वन सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, वन सुरक्षा गस्ती व्यवस्था को मजबूत करना आदि कार्य सतत किये जा रहे हैं। जगदलपुर परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र सिंह वर्मा के नेतृत्व में पल्लीनाका, आसना, आड़ावाल के नाका में पदस्थ वन कर्मी वाहनों की तलाशी कर रहे हैं।



### सुरक्षा व निगरानी पर तैनात कर्मी

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वन क्षेत्रों में अवैध कटाई एवं वनोपजों के अवैध परिवहन एवं अन्य वन अपराधों की रोकथाम के लिए वनक्षेत्रों को वन मंडल, परिक्षेत्र एवं बीटों में विभाजित किया गया है। वन मंडलाधिकारी, उप-वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्रधिकारी, परिक्षेत्र सहायक एवं वन रक्षक को वन सुरक्षा एवं निगरानी हेतु तैनात किए गए हैं।

## शहर से गांव तक उत्साह, चौक-चौराहों पर रंग-गुलाल की धूम

# शांतिपूर्ण माहौल में रंगों की बरसात, जनप्रतिनिधियों संग कार्यकर्ताओं ने जमकर खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- परीक्षाओं के चलते फाग टोली और डीजे से रही दूरी





रंगों का महापर्व होली पूरे बस्तर अंचल में इस वर्ष भी हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक सुबह से ही रंग-गुलाल की फुहारें उड़ती रहीं और लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते नजर आए। शहर में जनप्रतिनिधियों के निवास और राजनीतिक कार्यालयों में भी कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा, जहां उत्साहपूर्ण माहौल में होली खेली गई।

भाजपा कार्यालय और विधायक निवास में सुबह से ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ जुटने लगी थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सुबह से कार्यालय में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संगीत पर जमकर डांस भी किया। किरण देव ने सभी को रंग लगाकर व मुंह मीठा कराकर बधाई दी। विधायक कार्यालय में सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे, अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे एवं पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचे ।

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर युवाओं की टोली मित्रों और राहगीरों को रंग लगाकर पर्व का आनंद लेते दिखाई दी। बच्चों की टोली भी रंग भरे छोटे-छोटे गुब्बारों के साथ राहगीरों को निशाना बनाकर उत्साह से झूमती रही। वहीं कॉलोनियों में महिलाओं की टोली समूह बनाकर एक-एक घर पहुंची र सहेलियों को रंगों से सराबोर करते हुए होली का आनंद लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी परंपरागत तरीके से लोग एकत्र होकर रंग-गुलाल लगाते और शुभकामनाएं देते नजर आए।

हालांकि इस बार बोर्ड परीक्षाओं के चलते हाई और हायर सेकेंडरी के कई विद्यार्थियों ने होली के रंगों से दूरी बनाए रखी और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया। इसके कारण शहर में फाग गीत गाने वाली पारंपरिक टोलियां भी बहुत कम दिखाई दीं।

### प्रशासन की सख्ती से शांतिपूर्ण माहौल

बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने ध्वनि प्रदूषण के नियमों का सख्ती से पालन करवाया। इसके चलते शहर में कहीं भी कानफोड़ डीजे या तेज ध्वनि वाले साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं किया गया। प्रशासन की इस व्यवस्था का सकारात्मक असर भी देखने को मिला और होली का पर्व अपेक्षाकृत शांत एवं अनुशासित वातावरण में मनाया गया।

### चौक-चौराहों पर पुलिस की मुस्तैदी

होली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। पुलिस जवान पूरे दिन गश्त करते रहे और कहीं भी किसी प्रकार की अवांछित घटना की सूचना नहीं मिली। शहर में होली का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# सीआरपीएफ महानिदेशक ने मनाया जंगल वॉरियर्स के साथ होली मिलन






हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा के प्रति अटूट समर्पण की प्रशंसा की

कोबरा परिसर करनपुर में होली मिलन समारोह अत्यंत उत्साह, सौहार्द एवं अनुशासन के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह एवं छत्तीसगढ पुलिस के महानिदेशक एडी गौतम की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गौरव प्रदान किया। समारोह में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों भी उपस्थित रहें।

महानिदेशक ने जवानों के मध्य उपस्थित होकर होली खेली और उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं तथा बल की वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र सेवा के प्रति अटूट समर्पण की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण, सांस्कृतिक उल्लास और परस्पर सदभाव की भावना से संपूर्ण परिसर उत्सवमय हो उठा। 201 कोबरा एवं 204 कोबरा वाहिनी के संयुक्त प्रयासों से यह आयोजन संगठनात्मक एकता और अनुशासन का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा। होली के शुभ अवसर पर बड़े खाने का भी आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर आकाश छिकारा भी शामिल हुए और जवानों के साथ भोजन किया।



# समाज के पदाधिकारियों ने उत्सव को भव्यता देने बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- रामनवमीं को लेकर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज की हुई बैठक

सुकमा जमींदार परिवार और समाज के संरक्षक कुमार जयदेव के निवास पर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी रामनवमीं पर्व के अवसर पर होने वाले धार्मिक आयोजनों और तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समाज के पदाधिकारियों ने इस वर्ष रामनवमीं उत्सव को और अधिक भव्य एवं व्यवस्थित रूप में मनाने के लिए रूपरेखा तय की।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा दलपत सागर स्थित राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है,जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग और श्रद्धालु शामिल होते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में समाज के संरक्षक कुमार जयदेव के मार्गदर्शन में यह बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रम की तैयारियों और जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा हुई।

बैठक के विषय में जानकारी देते समाज के संरक्षक कुमार जयदेव ने कहा कि जब से धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज का गठन हुआ है,तब से रामनवमीं के अवसर पर बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है,जिसमें गांव-गांव से समाज के लोग शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार की बैठक में समाज ने भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया है और इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। समाज के संभागीय अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर ने बताया कि समाज के संरक्षक कुमार जयदेव के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में पदाधिकारियों ने रामनवमीं के आयोजन को भव्य रूप देने पर विस्तार से चर्चा की।

# जनभागीदारी से बनेगा जनहितैषी बजट, नगर निगम ने मांगे सुझाव



- महापौर ने नगरवासियों से की सहभागिता की अपील

**जगदलपुर।** बजट 2026-27 में नगर के समग्र एवं संतुलित विकास को प्राथमिकता देते हुए निगम प्रशासन ने प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी, युवाओं, एवं मीडिया के सदस्यो से शहर विकास हेतु सुझाव एवं प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, उद्यान विकास, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, सार्वजनिक परिवहन, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर सुझाव मांगे हैं। ताकि आगामी बजट शहर की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा सके। इस संबंध में महापौर संजय पाण्डेय ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि शहर के भविष्य की दिशा तय करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही एक मजबूत, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बजट तैयार किया जा सकता है। उन्होंने सभी वर्गों से आग्रह किया कि अपने वार्ड एवं क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार सुझाव प्रेषित करें। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त सुझावों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर उन्हें बजट निर्माण प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा। बजट को सामान्य सभा से स्वीकृत कराकर राशि के आबंटन हेतु राज्य सरकार को भेजा जाएगा । राशि उपलब्धता के आधार पर शहर विकास का खांचा खींचा जाएगा । नागरिक अपने सुझाव ई-मेल, व्हाट्सएप अथवा सीधे महापौर कार्यालय, नगर निगम में प्रस्तुत कर सकते हैं।








